अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 10 अक्तूबर 2023
आश्विन कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2080

PAGE NO : 06 MIDDLE

पुरुष-महिला वर्ग के एकल फाइनल मुकाबले खेले गए

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से आयोजित ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के चौथे दिन सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस ग्राउंड पर फाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल मुकाबलों के पहले दिन पुरुष व महिला वर्ग के एकल मैच हुए।

जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि जिले के खिलाड़ी जुनैद अंसारी, अभिनव शर्मा और दीक्षा सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार और बुधवार भी फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। बुधवार को समापन और पुरस्कार वितरण होगा। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

मुख्य अतिथि महापौर उमेश गौतम, बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर व आरएसओ जितेंद्र यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, संघ के कोषाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, गौरव भसीन, सुनील शर्मा, कुमार अग्रवाल, राकेश टंडन, देवेंद्र थापा, दीपक धवन, हिमांक सिंह, अरुण नेगी, प्रकाश पादुकोण आदि मौजूद रहे। संवाद

बैडमिंटन में शॉट लगाती खिलाड़ी। संवाद